प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक    केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in




अखिलेश के ''मंदिर प्रेम'' पर भाजपा का तीखा तंज़ पेज- 2

पेज-6 नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्कूल चलो अभियान को दिखाई झण्डी

वर्ष : 15 अंक : 103    शनिवार 04 अप्रैल 2026    डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106    पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## असम चुनाव में गरजे सीएम योगी, विपक्ष पर साधा निशाना

### -एआईयूडीएफ पर लगाया घुसपैठियों को प्रोत्साहित करने का आरोप

(एजेंसी) बारपेटा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि केवल भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही असम को घुसपैठियों से मुक्त करा सकता है और जनसांख्यिकीय बदलाव को रोक सकता है। असम गण परिषद (अगप) उम्मीदवार दीपक कुमार दास के समर्थन में बारपेटा में एक रैली को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने लंबे शासनकाल के दौरान राज्य और उसके लोगों की रक्षा करने में विफल रही। उन्होंने आरोप लगाया, असम में कांग्रेस 60 वर्षों से सत्ता में थी। लेकिन इसने घुसपैठ, हिंसा और दंगों को ही बढ़ावा दिया। इसने स्थानीय संस्कृति और विरासत को खतरे में डाल दिया। उन्होंने एआईयूडीएफ पर भी निशाना



साधा और आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को प्रोत्साहित कर रही है और उसका लक्ष्य इनके समर्थन से सत्ता पाना है। आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस और एआईयूडीएफ मिलकर राज्य की संस्कृति और विरासत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजग सरकार राज्य में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, प्रत्येक घुसपैठिये की पहचान करके उसे खदेड़ दिया जायेगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाला राजग लव और लैंड जिहाद तथा जनसांख्यिकी में किसी भी प्रकार का बदलाव सहन नहीं करेगा। आदित्यनाथ ने कहा कि राजग विरासत–विकास को एक साथ सुनिश्चित करेगा, जैसा कि उसने उन राज्यों में किया है जहां वह सत्ता में है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में असम में एक बड़ा बदलाव आया है और मैं इस चुनाव में राजग के लिए आपके निरंतर समर्थन का आग्रह करता हूं। बारपेटा से अपने उम्मीदवार का नामांकन रद्द करने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव से पहले ही मैदान से भाग गई है। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव नौ अप्रैल को होगा और मतगणना चार मई को होगी।

## मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सोची समझी साजिश थी

### -सीएम ममता ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। इसी बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। ममता बनर्जी ने कहा कि मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सुनियोजित साजिश थी, जिसका उद्देश्य राज्य में अशांति फैलाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए बाहर से लोगों को बुलाया गया था। हाजरीपाड़ा मैदान में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया, मालदा की घटना की जांच सीआईडी कर रही है। लोगों को मुंबई से लाया गया था और पूरी योजना पहले से तैयार की गई थी। जहां एनआईए उन्हें पकड़ने में नाकाम रही, वहीं हमारी सीआईडी




ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, यह घटना उस समय हुई जब बड़ी संख्या में लोग चुनावी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि करीब 1.20 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं या हटाने की प्रक्रिया में हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बीजेपी इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर प्रशासनिक तबादलों पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि 506 अधिकारियों के ट्रांसफर में से 483 केवल बंगाल से हैं, जिसमें डीजीपी और मुख्य सचिव जैसे अहम पद भी शामिल हैं। ममता बनर्जी ने मतदाताओं, खासकर महिलाओं से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि मतदान के दिन झाड़ू लेकर निकलें और वोट के जरिए जवाब दें। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों, खासकर सीआरपीएफ, का इस्तेमाल बीजेपी के पक्ष में किया जा सकता है।इस बीच, राज्य सीआईडी ने बागडोगरा एयरपोर्ट से वकील और पूर्व AIMIM उम्मीदवार मोफक्कारुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है, जिसे इस साजिश का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। वहीं, चुनाव आयुक्त के निर्देश और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनआईए ने इस मामले में प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस घटना को न्यायिक अधिकारियों को डराने और उनके काम में बाधा डालने की सोची–समझी कोशिश बताया है और केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने को कहा है। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम जल्द ही मालदा पहुंचकर जांच शुरू करेगी। स्थानीय पुलिस अब तक इस मामले में 20 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें आईएसएफ उम्मीदवार मौलाना शाहजहां अली भी शामिल हैं। गौरतलब है कि 294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। 2021 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 213 सीटों के साथ बड़ी जीत दर्ज की थी, जबकि बीजेपी को 77 सीटें मिली थीं। कांग्रेस और वाम दल खाता भी नहीं खोल पाए थे।

## उपराष्ट्रपति ने किया ईसा मसीह के बलिदान को याद

### -पीएम मोदी ने दिया देश के नाम संदेश

(एजेंसी) नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे के मौके पर ईसा मसीह के बलिदान को याद किया और कहा कि यह उनके प्रेम, करुणा और क्षमा के शाश्वत संदेश पर चिंतन करने का दिन है। राधाकृष्णन ने कहा कि श्गुड फ्राइडेश ईसा मसीह के प्रेम, करुणा और क्षमा के शाश्वत संदेश पर चिंतन करने का दिन है। उपराष्ट्रपति ने कहा, उनका जीवन और शिक्षाएं हमें विनम्रता, निस्वार्थ भाव रखने और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। यह दिन सत्य के मार्ग पर चलने, समाज में सद्भाव को प्रोत्साहित करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करे। गुड फ्राइडे ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने पर उनके बलिदान की याद में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह के बलिदान को याद और देशवासियों के लिए एक विशेष संदेश साझा करते हुए सद्भाव, करुणा और क्षमा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दिन सद्भाव, करुणा और क्षमा के मूल्यों को और अधिक गहरा करे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि श्गुड फ्राइडेश हमें ईसा मसीह के बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, यह दिन सद्भाव, करुणा और क्षमा के मूल्यों को और मजबूत करे। भाईचारा और आशा हम सभी का मार्गदर्शन करें। भाईचारा और आशा हम सभी का मार्गदर्शन करें। गुड फ्राइडे को दुनिया भर के ईसाई ईसी मसीह के सूली पर चढ़ने की याद में मनाते है और इसे सोच–विचार, प्रार्थना और प्रायश्चित का एक पवित्र दिन माना जाता है। यह ईस्टर संडे से पहले के पवित्र सप्ताह का हिस्सा है। इस दिन का आध्यात्मिक महत्व है, जो बलिदान, मुक्ति और माफी की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, भारत, जहां विभिन्न धर्मों का पालन करने वाली विविध आबादी रहती है, कई राज्यो में गुड फ्राइडे को सार्वजनिक अवकाश के रूप में मनाया जाता है। देशभर के चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती हैं, जबकि कई श्रद्धालु उपवास रखते हैं और यीशु मसीह के अंतिम घंटों का पुनर्निर्माण करने वाली शोभायात्राओं में भाग लेते हैं प्रधानमंत्री का यह संदेश ऐसे समय में आया है जब राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों के नेताओं ने भी शुभकामनाएं दीं, और एकता तथा साझा मूल्यों पर जोर दिया। उनकी यह टिप्पणी धार्मिक सीमाओं से परे गुड फ्राइडे के संदेश की व्यापक प्रासंगिकता को रेखांकित करती है, जो एक बहुलतावादी समाज में शांति और सह–अस्तित्व के आदर्शों के साथ गूंजती है।

प्रधानमंत्री ने संदेश में कहा,



षजैसा कि भाईचारा और आशा हमारा मार्गदर्शन करते हैं, ये कालातीत शिक्षाएं एक अधिक करुणामय और समावेशी दुनिया के निर्माण में आवश्यक बनी रहती हैं।ष यह अवसर आज के समय में सहानुभूति और मेल–मिलाप के महत्व की याद दिलाता रहता है, जहां समुदाय आत्मचिंतन और एकजुटता के साथ एकत्रित होते हैं। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवसर पर राज्य के ईसाई समुदाय को यीशु मसीह के बलिदानों को याद करने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि गुड फ्राइडे यीशु मसीह द्वारा मानवता के पापों की माफी के लिए किए गए सर्वोत्तम बलिदान और मुक्ति के वादे का प्रतीक है। लोक भवन से जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में नजीर ने कहा, गुड फ्राइडे के अवसर पर सभी ईसाई भाई और बहनें यीशु के बलिदानों को याद करें। उन्होंने कहा, ष्यीशु मसीह का जीवन मानवता के प्रति महान प्रेम का प्रतीक है और यह आशा और मुक्ति का एक प्रकाशस्तंभ है। मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि गुड फ्राइडे आत्म–चिंतन का एक पवित्र अवसर है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्गुड फ्राइडे के अवसर पर, आइए हम यीशु मसीह के बलिदानों को याद करें।ष उन्होंने कहा कि यीशु मसीह की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और उनके प्रेम, त्याग और आस्था के संदेश से सभी को प्रेरणा मिलनी चाहिए। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि गुड फ्राइडे यीशु मसीह की प्रेम और करुणा की शिक्षाओं से प्रेरित होकर मूल्यों पर चिंतन का आह्वान करता है। केरल में ईसाई समुदाय ने पारंपरिक रीति–रिवाजों और मान्यताओं के अनुसार श्गुड फ्राइडेश मनाया। वहीं, आगामी विधानसभा चुनाव में विभिन्न दलों के उम्मीदवार इस अवसर पर गिरजाघर गए। परवूर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने गुड फ्राइडे के अवसर पर फेसबुक पर एक पोस्ट किया, जबकि कांग्रेस के वट्टियूरकावु से उम्मीदवार के. मुरलीधरन ने राज्य की राजधानी में श्वे ऑफ क्रॉस जुलूस में भाग लिया। इडुक्की विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे राज्य के जल संसाधन मंत्री और केरल कांग्रेस (एम) के नेता रोशी ऑगस्टीन ने एर्नाकुलम जिले की मलयट्टूर पहाड़ियों के शिखर पर स्थित प्रसिद्ध सेंट थॉमस चर्च में प्रार्थना की। केवल ऑगस्टीन ही नहीं बल्कि हजारों श्रद्धालुओं ने भी मलयट्टूर की पहाड़ियों पर इस गिरजाघर में प्रार्थना की और विशेष प्रार्थनाओं में भाग लिया। श्रद्धालुओं को अपने कंधों और हाथों पर अलग–अलग आकार के लकड़ी के क्रॉस उठाए पहाड़ी पर चढ़ते देखा गया। माना जाता है कि एपोस्टल सेंट थॉमस ने 52 ईस्वी में इस पहाड़ी का दौरा किया था। इस अवसर पर गिरजाघर के धार्मिक नेताओं ने अपने संदेशों में विश्व में शांति का आह्वान किया।

## नरेंद्र मोदी के नए भारत में लोकतंत्र आखिरी सांसें ले रहा

### -कांग्रेस विधायक की सदस्यता खत्म करने पर जीतू का तीखा हमला

(एजेंसी) भोपाल। मध्य प्रदेश में देर रात को एक आदेश जारी हुआ जिसमें दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता खत्म कर दी गई। इसके बाद मध्य प्रदेश की राजनीति में सियासी भूचाल आ गया। मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जीतू पटवारी ने कहा कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती जी को अपील के लिए 60 दिनों की मोहलत दी थी, पर उसके बाद भी रात 12 बजे विधानसभा सचिवालय खुलवाकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई। नरेंद्र मोदी के नए भारत में लोकतंत्र आखघ्रि सांसें ले रहा है। भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को भीतर से खोखला करने वाला एक कैंसर बन गई है। अब मध्य प्रदेश में लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को हटाना ही होगा। जीतू पटवारी ने कहा कि मैं प्रदेशवासियों को याद दिलाना चाहता हूं कि नरोत्तम मिश्रा पर एक केस पेंडिंग है, इसी कोर्ट में लेकिन वे एक चुनाव लड़े, फिर दूसरा लेकिन अभी तक फैसला पेंडिंग है। वहीं निर्मला सप्रे इनका



भी विधानसभा में केस पेंडिंग है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर लगातार केस लंबित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जिस विधायक ने शपथ ली उसमें विधायकों के हितों की बात होती है न कि दल की। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष एक विधायकों के हितों की रक्षा करने की बजाय विपक्ष के विधायकों को टारगेट कर रहे हैं। बता दें कि त्रमदकतं ठींतजप को एमपी एमएलए कोर्ट से तीन साल की सजा सुनाई गई है। सजा के प्रभाव को देखते हुए गुरुवार को विधानसभा सचिवालय स्तर पर देर रात लगभग 11 बजे कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी की ओर से आगे बढ़ते हुए संबंधित औपचारिकताओं को पूरा कराने की कोशिश की गई, जिससे राजनीतिक माहौल और गरमा गया। जैसे ही इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को मिली, वे अपने सहयोगियों के साथ तत्काल विधानसभा भवन पहुंचे। देर रात कार्यालय में मौजूद विधानसभा के प्रमुख सचिव से उनकी बातचीत हुई। कांग्रेस की ओर से सवाल उठाया गया कि जब मामले में स्टे मौजूद है, तो इस तरह की कार्रवाई क्यों की जा रही है।

## संविधान खतरे में है, सपा ग्राम स्तर पर आबेडकर जयंती मनाएगी : अखिलेश यादव



(एजेंसी) लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि संविधान खतरे में है और संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। यादव ने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाएगी। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि पार्टी ने 14 अप्रैल को ग्राम स्तर पर बीआर आंबेडकर की जयंती मनाने का फैसला किया है, जहां संविधान के सामने मौजूद संकट पर चर्चा की जाएगी। उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, यह अमृत काल नहीं है, बल्कि संकट काल है। संविधान के लिए खतरा है और हम इस चर्चा को गांवों तक ले जाएंगे। यादव ने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग संविधान के अनुसार काम नहीं करते बल्कि मानव–विधान (मनमाना शासन) का पालन करते हैं। उन्होंने टिप्पणी की, हम लोकतंत्र चाहते हैं वो एक–तंत्र चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, हम लोकतंत्र को मजबूत करना चाहते हैं लेकिन वे ऐसी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं जो इसे कमजोर कर दे। संविधान हमारा रक्षक और हमारी नींव है और संस्थानों के माध्यम से इस नींव को हिलाने और कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। अपनी पार्टी की वैचारिक जड़ों का जिक्र करते हुए यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान, समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया द्वारा दिखाए गए रास्ते और नेताजी (सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव) की विरासत का अनुसरण करती है। यादव ने कहा कि सपा का उद्देश्य समाजवादी व्यवस्था की दिशा में काम करके समाज को विकास की एक नई दिशा प्रदान करना है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सौदागर (व्यापारियों) की तरह काम करने का आरोप लगाया। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा का ध्यान संपत्ति बेचने, मुनाफा कमाने और निजीकरण पर है, जिससे भ्रष्टाचार और मुनाफाखोरी के साथ–साथ महंगाई भी बढ़ रही है।

## बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर में मिला ठिकाना, तीन तहसीलों के चार गांवों में बसाए गए परिवार

(एजेंसी) लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी जिले की विभिन्न तहसीलों में बसाकर उन्हें स्थायी जीवन का आधार दिया गया है। इन परिवारों का पुनर्वास धौरहरा, मोहम्मदी और गोला तहसील के चार गांवों में किया गया है, जहां वे अब स्थायी रूप से निवास कर रहे हैं। प्रशासन के अनुसार, धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवार, मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट में 41 और मियांपुर में 156 परिवारों को बसाया गया है, जबकि गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर–3 में 37 परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया है। इन परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि भूमि भी आवंटित की गई है। गोला तहसील में प्रति परिवार लगभग 3 एकड़ जमीन दी गई, जबकि सुजानपुर में परिवारों को औसतन 0.607 से 1.620 हेक्टेयर भूमि मिली। मोहम्मदी तहसील में परिवारों को 3 से 7 एकड़ तक जमीन का पट्टा दिया गया है। वहीं मियांपुर में प्रत्येक परिवार को औसतन 4.75 एकड़ भूमि दी गई है, जिससे वे खेती कर आजीविका चला रहे हैं। इन परिवारों को केवल जमीन ही नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी जोड़ा गया है। पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, पेंशन योजनाएं और सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा गांवों में राशन वितरण, टीकाकरण, मनरेगा, मिड–डे मील, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सभी 331 परिवारों को व्यवस्थित रूप से बसाया गया है और उन्हें कृषि भूमि के साथ–साथ सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

# डीएम का औचक निरीक्षण : भ्रष्टाचार पर चला हंटर

## – उखड़वाई गई घटिया इंटरलॉकिंग

न्यूज वाणी ब्यूरो



मिश्रिख, सीतापुर। विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी राजा गणपति आर बेहद सख्त नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को मिश्रिख क्षेत्र के दौरे पर निकले जिलाधिकारी ने मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ मौके पर ही कड़ा एक्शन लिया। पुलिस चौकी कैलाश आश्रम में बन रहे अनावासीय भवनों की जांच के दौरान जिलाधिकारी तब बिफर गए जब इंटरलॉकिंग के नीचे बजरी गायब मिली। मानकों की धज्जियां उड़ता देख उन्होंने तत्काल प्रभाव से पूरी इंटरलॉकिंग उखड़वाने का आदेश दिया। लापरवाह ठेकेदार के भुगतान में कटौती करने और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में ढिलाई बरतने वाले जूनियर इंजीनियर (जेई) को भी कारण बताओ नोटिस थमाया। डीएम ने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही और मानकों से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर ईंट और हर पत्थर मानक के अनुरूप ही होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अन्य परियोजनाओं का भी जायजा लिया। शौचालय और अन्य कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने को कहा। युवा कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया ताकि ग्रामीण युवाओं को जल्द इसका लाभ मिल सके।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में तरणताल का भव्य शुभारम्भ

## – खिलाड़ियों को मिली बड़ी सौगात

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जनपद में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में नव निर्मित तरणताल (स्विमिंग पूल) का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काटकर किया गया, जिसके बाद उपस्थित लोगों



ने इस आधुनिक सुविधा का अवलोकन किया। इस अवसर पर जनपद के अधिकारी, खेल विभाग के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि तरणताल के शुरू होने से तैराकी जैसे खेल को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय खिलाड़ियों को अब अभ्यास के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे जिले के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। तरणताल को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया गया है, जिसमें साफ–सफाई, सुरक्षा और प्रशिक्षण की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षकों की नियुक्ति के साथ–साथ समयबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे, ताकि नए खिलाड़ी भी इस खेल से जुड़ सकें। उद्घाटन के बाद कई युवा खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ पूल का निरीक्षण किया और इसे अपने भविष्य के लिए उपयोगी बताया। खेल प्रेमियों का मानना है कि इस तरह की सुविधाएं न केवल खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं, बल्कि युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली की ओर भी प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने कहा कि जनपद में खेलों के विकास के लिए आगे भी इसी तरह की योजनाएं लागू की जाएंगी, ताकि प्रतिभाओं को उचित मंच मिल सके।

# कैमूर पुलिस की कार्रवाई, अवैध हथियारों के साथ पांच शातिर गिरफ्तार

## – चाँद थाना पुलिस की छापेमारी में तीन देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

कैमूर। जिले में अपराध नियंत्रण के तहत चलाए जा रहे अभियान में कैमूर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चाँद थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पांच शातिर अपराधियों को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 02 अप्रैल को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर चाँद थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर तलाशी ली गई, जिसमें उनके



पास से अवैध हथियार बरामद किए गए। 03 देशी कट्टा 01 जिंदा बरामद किए गए। पकड़े गए अभियुक्तों में गोलू कुमार (सिहोरियाँ) शुभम मिश्रा उर्फ हरिओम मिश्रा (कड़िया) राकेश यादव उर्फ बच्चा यादव (खेंटी) रंजय सिंह (छोटका अमाँव) शुभम जयसवाल (गोई) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, गिरतार सभी अभियुक्त चाँद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इनमें से तीन का आपराधिक इतिहास भी रहा है। इस मामले में चाँद थाना कांड संख्या 136/26 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की धारा 25(1–बी)ए, 26 एवं 35 के तहत कार्रवाई की गई है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष पु०अ०नि० भगीरथ कुमार ने किया। उनके साथ पु०अ०नि० चन्द्र शेखर चौहान, पु०अ०नि० चन्द्रभूषण सिंह, पु०अ०नि० रोहित कुमार, पु०अ०नि० धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। आम लोगों से अपील है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

## - अस्पताल में शव छोड़ ससुराल वाले फरार, हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, मछरेहटा। जनपद के मछरेहटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया। घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग महिला के शव को अस्पताल में ही छोड़कर मौके से फरार हो गए, जिससे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मछरेहटा निवासी संजीव सेन की 35 वर्षीय पत्नी सुनीता की शुक्रवार को मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ससुराल वाले उसे गंभीर हालत में लेकर अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन जैसे ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया, वे शव वहीं छोड़कर रफूचक्कर हो गए। मृतका के शरीर, विशेषकर सिर से खून निकलने के निशान मिले हैं, जिससे मामला पूरी तरह संदिग्धा बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही सुनीता के मायके वाले (निवासी सिकटिहा, थाना रामकोट) अस्पताल पहुंच गए। बेटी का शव देख परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। मृतका के पिता बंशीलाल ने कहा कि बेटी को दहेज के लिए लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी है। परिजनों का कहना है कि सुनीता का विवाह करीब 5 वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन शादी के बाद से ही उसे परेशान किया जा रहा था। हंगामे की सूचना पर मछरेहटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर भाग गए हैं, जिनकी गिरतारी के लिए दबिश दी जा रही है। मौत की असली वजह (चोट या अन्य कारण) रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। पुलिस दहेज हत्या और मारपीट जैसे सभी पहलुओं पर गहराई से जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने 51 फीट ऊंची बजरंगबली प्रतिमा का किया अनावरण

## - विकास कार्यों का लोकार्पण कर आस्था और सुविधाओं का किया समन्वय

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान मधुबन क्षेत्र के अमिला में श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 51 फीट ऊंची श्री संकट मोचन बजरंगबली की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। इस भव्य आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि–विधान के साथ प्रतिमा का अनावरण संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने इस ऐतिहासिक क्षण को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विकास कार्यों को मिली रतार, मंदिर परिसर हुआ सुसज्जित कार्यक्रम के दौरान मंत्री एके शर्मा ने नगर विकास विभाग के राज्य वित्त आयोग से प्राप्त 1.84 लाख रुपये की लागत से हनुमान मंदिर प्रांगण में कराए गए इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण भी किया। इस कार्य से मंदिर परिसर में साफ–सफाई, सुगम आवागमन एवं सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा। अब श्रद्धालुओं को पूजा–अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों के विकास में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। आस्था के साथ विकास को प्राथमिकता अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल भौतिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी सांस्.तिक विरासत को संरक्षित एवं सशक्त करना भी है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी त्याग, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं, और उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर नगर विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को सु.ढ़ करने के लिए कार्य कर रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समान रूप से विकास योजनाओं को लागू कर आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की रही सहभागिता इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नगर निकाय के अधिकारियों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

# नायब तहसीलदार पर आरोप मढ़ दो महिलाओं ने काटा हंगामा

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। सेवराई तहसील परिसर में दो महिलाओं ने नायब



तहसीलदार पंकज कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। महिलाओं का दावा है कि नायब तहसीलदार ने उनसे एक लाख रुपये घूस लेने के बावजूद विपक्षी से दो लाख रुपये लेकर उनके खिलाफ फैसला सुनाया। हंगामा बढ़ने पर नायब तहसीलदार ने पुलिस बल बुलाया। घटना की सूचना मिलने पर मीडिया भी मौके पर पहुंची। उपजिलाधिकारी संजय यादव ने मामले का संज्ञान लिया और पीड़ित महिलाओं ने उन्हें प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रार्थना पत्र के अनुसार यह विवाद दिलदारनगर निवासी रविकांत पांडे और शशिकांत पांडे पुत्रगण स्व. रामअवध पांडे का उनके सौतेले भाई लक्ष्मीकांत पांडेय के साथ है। यह वाद संख्या 1445/2017, धारा 34 राजस्व संहिता के तहत चल रहा है। आरोप है कि पिता की मृत्यु के बाद विपक्षी ने बीमारी की स्थिति का लाभ उठाकर एक वसीयत तैयार कराई थी, जिसे कानूनी रूप से साबित नहीं किया जा सका। पीड़ितों ने बताया कि वे मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं, इसलिए मुकदमे की पैरवी उनकी पत्नियां किरण और देवंती देवी करती हैं। महिलाओं का आरोप है कि नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने उन्हें अपने आवास पर बुलाया और एक लाख रुपये की मांग करते हुए कहा कि पैसे देने पर फैसला उनके पक्ष में होगा। महिलाओं के अनुसार, उन्होंने कैशपार फाइनेंस से 50–50 हजार रुपये का कर्ज लेकर कुल एक लाख रुपये नायब तहसीलदार के वाहन चालक दीपू के माध्यम से उनके सामने ही दिए। आरोप है कि नायब तहसीलदार पंकज ने तुरंत चालक से पैसे ले लिए। इसके बावजूद, वे फैसला टालते रहे और बाद में विपक्षी पक्ष से दो लाख रुपये लेकर उनके खिलाफ निर्णय सुना दिया। गुरुवार को जब महिलाएं इस मामले में नायब तहसीलदार दिलदारनगर से मिलने पहुंचीं, तो आरोप है कि उन्होंने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जूते से मारने की धमकी दी और पुलिस बुलाकर कार्रवाई कराने की बात कही। इस दौरान तहसील परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई और घटना चर्चा का विषय बन गई। हालांकि, नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। वहीं, उपजिलाधिकारी संजय यादव ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है और इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# धैर्य, लगन व निरंतरता से मिलती सफलता : राकेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

घोसी, मऊ। ब्लॉक घोसी अंतर्गत माछिल जमीन माछिल निवासी मंगल चौहान एवं देवती देवी के पुत्र राकेश चौहान का पीसीएस 2024 में असिस्टेंट कमिश्नर (कामर्शियल टैक्स) के पद पर चयन होने से पूरे जनपद एवं गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। इस उपलब्धि पर गोल्ड मेडलिस्ट एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व समाजसेवी डॉ. रामविलास भारती के नेतृत्व में अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर उनका भव्य सम्मान किया गया। राकेश चौहान ने सबसे पहले गाँव में स्थापित बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी का अभिवादन किया। राकेश चौहान वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय पकड़ी बुजुर्ग में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। इससे पूर्व उनका चयन पी.सी.एस. 2023 में डिप्टी जेलर पद पर हो चुका था, किन्तु उन्होंने उसे ज्वाइन नहीं किया। उन्होंने हिम्मत न हारते हुए नौकरी के साथ निरंतर प्रयास जारी रखा, जिसका परिणाम आज सफलता के रूप में सामने आया। इस अवसर पर राकेश चौहान ने कहा कि धैर्य, लगन और निरंतरता से ही सफलता प्राप्त होती है। लक्ष्य बड़ा हो तो संघर्ष भी बड़ा करना पड़ता है। मेरी तैयारी की पूरी यात्रा में माता, पिता, परिवार एवं मित्रों का सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि सफलता व असफलता से सबक लेकर सुधार कर पुनः प्रयास करने की आवश्यकता है। वहीं, डॉ. रामविलास भारती ने कहा कि राकेश कुमार चौहान की सफलता ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे



युवाओं में नया विश्वास जगाया है। वे आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गए हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय शंकर कन्नौजिया, नीतीश कुमार, बेचू राजभर, महेश राजभर, जगदीश, श्यामनारायण, मंजीत, विवेकानंद, अमरनाथ, यमुना, बालकरन, सुधांशु सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# धरना-प्रदर्शन को देखते हुए तंबौर पुलिस रही अलर्ट



न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। हिन्दू संगठनों द्वारा पुलिस के खिलाफ बड़े आंदोलन की घोषणा को देखते हुए कई थानों की पुलिस ने कस्बे में पैदल मार्च निकाला हालांकि हिन्दूसंगठनों ने आज अपनी की गई घोषणा वापस ले ली। मालूम हो कि रामनवमी के दिन देवी माँ की मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान ड्रोन से यात्रा की कवरेज कर रहे युवक से दूसरे समुदाय के युवक से टकरा जाने पर उत्पन्न विवाद पर पुलिस ने जो कार्यवाही की उससे असंतुष्ट हिंदू संगठनों ने शुक्रवार तीन अप्रैल को एकत्रित होकर थाने पर अपनी मांगें रखने का एलान किया था। हिन्दूसंगठनों द्वारा इसके सोशल मीडिया पर तमाम् वीडियो भी वायरल किये जा रहे थे कि एसएचओ ने विवाद करने वाले युवक पर हल्की धाराओं में मामला दर्ज किया इसके अलावा उन्होंने थाने पर उचित कार्यवाही की माँग करने वाले हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को धमकाया। शुक्रवार को देवी मंदिर पर एकत्रित हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता भारी संख्या में एकत्रित हुए जिनमें मौजूद सन्दीप बजरंगी ने कहा कि जिले स्तर पर संगठन व पुलिस अधिकारियों के बीच बातचीत चल रही है इसलिए आज का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। बातचीत से उचित समाधान निकलने की उम्मीद है अगर बातचीत सार्थक नहीं होती है तो भविष्य में बड़ा आंदोलन करने के बाध्य होना पड़ेगा। हिंदूवादी संगठनों के एलान पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये थाना प्रभारी तालगांव दिनेश कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर अपराध लहरपुर सुरेश पटेल व थाना प्रभारी तंबौर बृजेश राय ने पुलिस बल के साथ मुख्य सड़कों सहित कस्बे में पैदल मार्च निकाला।

# सीडीओ ने किया अत्याधुनिक पंथ रिसर्च लाइब्रेरी का लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर, अटरिया। ग्रामीण अंचल के मेधावी छात्रों को अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। अटरिया कस्बे में नीलगांव कट के सामने नवनिर्मित पंथ रिसर्च लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने फीता काटकर किया। ग्राम पंचायत द्वारा 15 वें और पंचम वित्त आयोग के बजट से निर्मित यह लाइब्रेरी आधुनिक संसाधनों से लैस है। 7,48,000 की लागत से तैयार इस भवन में एक साथ 30 छात्र–छात्राओं के बैठने की व्यवस्था है। परिसर में हाई–स्पीड वाई–फाई और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की महत्वपूर्ण पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। सामान्य छात्रों के लिए 300 और दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए मात्र 250 का मासिक सुविधा शुल्क निर्धारित किया गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह बबलू यादव ने बताया कि लाइब्रेरी से होने वाली आय का उपयोग इसके रखरखाव और वहां कार्यरत कर्मचारियों के वेतन के लिए किया जाएगा। सीडीओ प्रणता ऐश्वर्या ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी सुविधाओं से युवाओं को घर के पास ही बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा, जिससे वे शहरों पर निर्भर रहे बिना अपनी प्रतिभा निखार सकेंगे। उद्घाटन के दौरान ग्राम प्रधान पूनम यादव, प्रतिनिधि अमर सिंह यादव, टिकौली प्रधान अखिलेश वर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामीण और छात्र मौजूद रहे। ग्राम पंचायत अधिकारी राम जी, संदीप रावत, डॉली, मो. हस्सान, अनिल राय और धीरेंद्र प्रताप सिंह ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर इस पहल को क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया।

# दबंगई का वीडियो वायरल, पेट्रोल के लिए युवक को लाठी-डंडों से पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इमलिया, सुल्तानपुर। थाना क्षेत्र के कचनार स्थित एक पेट्रोल पंप पर गुरुवार देर रात सरेराह गुंडागर्दी देखने को मिली। सैदापुर निवासी योगेंद्र सिंह जब अपनी बाइक में ईंधन भरवाने पहुंचे, तो वहां मौजूद कचनार के ही कुछ युवकों से पहले तेल भरवाने को लेकर बहस हो गई। यह मामूली विवाद इतना बढ़ा कि दबंगों ने योगेंद्र को वहीं पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि पंप पर मारपीट के बाद जब वह घर लौट रहा था, तब आरोपियों ने रास्ते में उसे फिर से रोका और लाठी–डंडों व लात–घूंसों से जमकर हमला किया। मारपीट की यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो वायरल होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। इमलिया पुलिस ने तहरीर मिलते ही त्वरित एक्शन लिया है। पुलिस ने कुल आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नामजद आरोपियों की पहचान जानू पुत्र बदरुद्दीन, तस्लीम पुत्र बदरुद्दीन, आमिर, आफताब, इमरान पुत्र इस्लाम, आहेद पुत्र जाबिर के अलावा दो अज्ञात हमलावरों की भी तलाश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आरोपियों की गिरतारी के लिए दबिश दी जा रही है। शांति व्यवस्था भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# 11 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## – कुदरा थाना पुलिस की कार्रवाई, चेकिंग के दौरान ट्रॉली बैग से बरामद हुआ गांजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

कैमूर। जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुदरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो तस्करों को गिरतार करते हुए उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार



शुक्रवार की सुबह करीब 4.55 बजे कुदरा थाना की गश्ती टीम को सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति ट्रॉली बैग में गांजा लेकर सबरी के रास्ते चेनारी की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पु०अ०नि० नन्द कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल पर रखे ट्रॉली बैग से गांजा के कुल 11 पैकेट बरामद किए गए। पुलिस ने कुल 11.73 किलोग्राम अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 5 लाख का गांजा जब्त किया। तार तस्करों की पहचान यश पाण्डेय (27 वर्ष), निवासी– जगीनियापुरा, थाना– जमनिया, जिला– गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) प्रिंस कुमार जायसवाल (28 वर्ष), निवासी– चेनारी, वार्ड संख्या 13, जिला– रोहतास (बिहार) के रूप में हुई। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष नन्द कुमार के साथ पु०अ०नि० पूनम कुमारी, पु०अ०नि० विजय कुमार सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी सूरत में तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। आम जनता से अपील की गई है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस गिरतार तस्करों से पूछताछ कर रही है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा सके।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# मेले में बिछड़ा मासूम, पुलिस की तत्परता से मिला परिवार

**– ऑपरेशन मुस्कान के तहत तीन वर्षीय बालक को परिजनों को सौंपा**



न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान एवं मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए मेले में परिजनों से बिछड़े एक 3 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिवार को सौंप दिया। बताते चलें कि जब ब्रह्माणी देवी मंदिर परिसर में एक बालक अपने परिजनों से बिछड़ गया। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात मिशन शक्ति टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और उसके संबंध में जानकारी एकत्रित की। पुलिस टीम के प्रयासों से बालक की पहचान शिवांश उर्फ भोले, पुत्र नीरज, निवासी मोहल्ला खेड़ा, थाना व तहसील करहल, जनपद मैनपुरी के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसके परिजनों की तलाश की और पिता नीरज पुत्र संतोष गुप्ता सहित अन्य परिजनों से संपर्क स्थापित कर बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस की सतर्कता और मानवीय संवेदनशीलता के चलते यह सराहनीय कार्य संभव हो सका, जिसकी क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है।

# छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का बन सकती कारण : सूबेदार सिंह

## – सिटी कान्वेंट स्कूल में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम, सम्मानित हुए यातायात कर्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। जनपद में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सिटी कान्वेंट स्कूल, भरथना रोड पर एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके आगमन के उपरांत दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह के नेतृत्व में किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने उपस्थित लोगों को सड़क पर सुरक्षित चलने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ट्रैफिक संकेतों के पालन तथा तेज गति से वाहन न चलाने के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि छोटी–सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर सिटी कान्वेंट स्कूल परिवार द्वारा यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह को उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही यातायात कांस्टेबल मनोज कुमार को भी विद्यालय के प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे पुलिस विभाग के प्रति सम्मान और विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई।



विद्यालय के प्रबंधक एवं शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं, जिससे वे कम उम्र से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक होते हैं और समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# कंपोजिट विद्यालय छीमी में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। नए शैक्षिक सत्र 2026–27 की शुरुआत के साथ विकास खंड ऐरायां स्थित कंपोजिट विद्यालय छीमी में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी संजय यादव ने किया। जिनके मार्गदर्शन में हर बच्चा स्कूल में का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद उपस्थित अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।



मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य अजय सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ शिवाकांत त्रिपाठी, विद्यानुरागी संजय सिंह उर्फ बउवा, प्रेमचंद, श्रद्धा देवी, नीलम देवी, ऊषा देवी सहित कई ग्रामीण सहयोगियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का आधार है और हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बच्चों के नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा और सभी मिलकर स्कूल चलो अभियान को सफल बनाएंगे।

# अपराध गोष्ठी में कानून-व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश

**– उत्कृष्ट कार्य पर पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित**

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद की कानून–व्यवस्था को और अधिक सुढ़ बनाने पर जोर दिया गया। गोष्ठी में जनपद के राजपत्रित अधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों एवं शाखा प्रभारियों के साथ अपराधों की समीक्षा की गई। अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं के त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरतारी तथा जनशिकायतों के समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ई–साक्ष्य ऐप, सीसीटीएनएस प्रणाली, एफआईआर लिंकिंग, आई–रेड (सड़क दुर्घटना), ट्रैफिक प्रबंधन, ई–समन तामिला, ऑपरेशन कन्विक्शन तथा गैंगस्टर व गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। अपराधियों की सतत निगरानी और प्रस्तावित गैंगस्टर कार्रवाई को भी प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। इसके उपरांत आयोजित सैनिक सम्मेलन में पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उत्.ष्ट कार्य करने वाले निरीक्षक शशांक राजपूत, रमाकान्त चतुर्वेदी, सुनील कुमार तिवारी, रविकांत पाण्डेय, अंकित चौधरी, मनीषा तिवारी, अजीत प्रताप सिंह, थान सिंह, संजय साहू, दानवीर सिंह, संदीप कुमार, भीम सिंह, श्यामपाल, अनिल कुमार, मोतीलाल, गुलाब सिंह, दुर्गेश कुमार, ओपेन्द्र तथा उमेश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश, स्कूल वाहनों की जांच अभियान शुरू

## – हेलमेट, सीट बेल्ट अनिवार्य, दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख तक सहायता

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। जिला सड़क सुरक्षा एवं स्कूली यान समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई, जिसमें सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच तथा चालकों का पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही "नो हेलमेट नो यूल" अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने और बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने को कहा गया। सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि पूर्व की तुलना में दुर्घटनाओं, मृतकों और घायलों की संख्या में कमी आई है, जिसे सकारात्मक संकेत माना



गया। इसके साथ ही सड़कों पर बने अवैध कटों को तत्काल बंद करने और सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की सूचना रियल टाइम में संबंधित विभागों को उपलब्ध कराने तथा इसके लिए समन्वय समूह बनाने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय राजमार्गों पर बैरियर, प्रकाश व्यवस्था जैसे सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने और अंडरपासों की नियमित सफाई व सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए तिराहों व चौराहों पर रोडवेज बसों के अनावश्यक ठहराव पर रोक लगाने, बसों के निर्धारित स्टॉपेज तय करने तथा सवारियों को केवल बस स्टेशन व रेलवे स्टेशन से बैठाने के निर्देश दिए गए। अन्य डिपो की बसों के अनियंत्रित प्रवेश पर भी नियंत्रण रखने को कहा गया। बैठक में प्रधानमंत्री राहत योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों का चिन्हित अस्पतालों में निःशुल्क उपचार कराया जाएगा तथा गंभीर स्थिति में अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी। जनपद के 18 अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा गया है, जहां घायलों का मुत इलाज उपलब्ध रहेगा। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संगठनात्मक निर्देशों पर मनोयोग से करें काम : रंजना

**– हुसैनगंज मंडल में भाजपा का प्रशिक्षण शिविर शुरू**



न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को हुसैनगंज मंडल में प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला प्रभारी व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय, पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह धुन्नी सिंह और किसान मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष अजय त्रिवेदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें बूथ प्रबंधन विषय पर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने संबोधित किया। श्रीमती उपाध्याय ने कहा कि सभी को संगठनात्मक दिशा–निर्देश पर मनोयोग से कार्य करना चाहिए। हमें मन की बात, टिफिन बैठक व बूथ स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हो संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूत करने में योगदान देते रहना चाहिए। प्रशिक्षण शिविर में संतोष सिंह राजू, ओम प्रकाश पाल, जिला मंत्री संतोष नेता, जिला मंत्री अजय सिंह रिंकू, श्रीकांत तिवारी, .ष्ण कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। वर्ग अधिकारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भदौरिया व द्वितीय सत्र के वक्ता के रूप में पंकज त्रिवेदी व तृतीय सत्र को पुष्पराज पटेल ने संबोधित किया।

# बीमारी से तंग वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदाबाद टिकरी में बीमारी से तंग 75 वर्षीय वृद्ध महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद टिकरी गांव निवासी स्व0 शिवनायक की पत्नी संपतिया काफी समय से बीमार चल रही थी। काफी इलाज कराने पर जब कोई फायदा न मिला तो शुक्रवार की सुबह लगभग नौ बजे घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के परिवार के राकेश कुमार ने दी है।

# मिशन शक्ति फेज 5 में महिलाओं को किया जागरूक




न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना ऊसराहार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम चौकी नगला गंगे के ग्राम रामपुर (मडैया कछियान) में संपन्न हुआ, जिसमें महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी विस्तार से बताया गया। लोगों को जागरूक करते हुए कहा गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने की भी अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और जनजागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा।

# एसपी ने पुलिस लाइन में क्वार्टर गार्द का किया निरीक्षण

## – पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का लिया जायजा



न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जनपद में पुलिस व्यवस्था को और सु.ढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने पुलिस लाइन में स्थित वर्दी स्टोर एवं शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही शस्त्रों के रख–रखाव और अभिलेखों के सही संधारण पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन प्रगति यादव, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखने की भी हिदायत दी गई।

# यूपी-112 को मिली नई ताकत, दो इनोवा वाहन शामिल

## – एसपी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जनपद में कानून



व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग को बड़ी मजबूती मिली है। यूपी–112 आपातकालीन सेवा के तहत जनपद को दो नए चार पहिया इनोवा क्रिस्टा वाहन प्रदान किए गए हैं। इन वाहनों को पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन प्रगति यादव, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, प्रभारी यूपी–112 राम केवल पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन आधुनिक वाहनों की तैनाती विशेष रूप से शहरी एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में की जाएगी, जिससे आपातकालीन स्थितियों में पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम कम होगा और लोगों को त्वरित सहायता मिल सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि नए वाहनों के जुड़ने से यूपी–112 सेवा की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। साथ ही आमजन में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को वाहनों के बेहतर रखरखाव और प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए।

# बिजली विभाग की लापरवाही पर भारी पड़ी जनशक्ति

## – गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने घेरा पावर हाउस

## – पचास घरों व प्राथमिक विद्यालय को मिली बिजली की नई रोशनी

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। ब्लॉक बहुआ अन्तर्गत सुजानपुर गांव में पिछले कई दिनों से व्याप्त बिजली संकट आखिरकार ग्राम प्रधान व गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल की सक्रियता और कड़े रुख के बाद समाप्त हो गया। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते गांव के पचास घर और प्राथमिक विद्यालय कई दिन से अंधेरे और भीषण गर्मी की मार झेल रहे थे। समस्या यह थी कि सुजानपुर में घरेलू और ट्यूबवेल (कमर्शियल) बिजली की लाइनें अलग–अलग हैं। विभाग की अनदेखी से लगभग पचास परिवारों और गांव के सरकारी स्कूल की सप्लाई को ट्यूबवेल लाइन से जोड़ दिया गया था। नतीजा यह था कि शाम होते ही कामर्शियल बिजली काट दी जाती थी जिससे पूरी–पूरी रात ग्रामीण अंधेरे में रहते थे और स्कूल के नन्हे–मुन्ने बच्चे गर्मी से बेहाल थे। ग्रामीणों की पीड़ा देख ग्राम प्रधान हेमलता पटेल चुप नहीं बैठीं। उन्होंने गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की महिलाओं और प्रभावित ग्रामीणों के साथ आज शुक्रवार को बहुआ बिजली पावर हाउस पर धावा बोल दिया। पावर हाउस पर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने विभाग के आला अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी कि जब तक घरेलू लाइन बहाल नहीं होती, संघर्ष जारी रहेगा। जेई कमल कुमार तत्काल अपनी टीम के साथ सुजानपुर गांव पहुंचे। उन्होंने मौके पर स्थिति का निरीक्षण किया और अविलंब घरेलू लाइन से कनेक्शन जुड़वाकर समस्या का स्थायी समाधान कराने की दिशा में कार्य आरंभ कराया। जैसे ही गांव और स्कूल में बिजली की रोशनी लौटने की दिशा में कार्य शुरू हुआ ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। प्रदर्शन के दौरान राजरानी, प्रिया, सुमन, रेखा, कमला, शहरून, अमिता, रंजना, नीरज, शिवा, शुभम, अजय, रमेश आदि रहे।



## अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दालेह मुतवफी
(आदेश 22 नियम 4)
न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर
वाद संख्या– 530
सन् 2010 ई०
हेमराज पुत्र स्व0 प्रहलाद निवासी ग्राम फरीदपुर मजरे जाफराबाद परगना कोटिया गुनीर तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।
.......वादी
....बनाम..........
मोतीलाल आदि
बनाम – नोटिस
1.सुरेश 2. जगदीश 3. राजू पुत्रगण स्व0 मोतीलाल समस्त निवासीगण ग्राम माधौपुर मजरे जाफराबाद परगना कोटिया गुनीर तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।
4. बीना पुत्री स्व0 मोतीलाल पत्नी श्री रमेश निवासी ग्राम बिक्रमपुर पोस्ट खजुहा जिला फतेहपुर।
5. मन्जू पुत्री स्व0 मोतीलाल पत्नी रामशंकर निवासी ग्राम सिकहुला पोस्ट बहोरा जिला कानपुर देहात।
...........प्रतिवादीजन
हरगाह हेमराज ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।
मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज जू0डि0 एफ0टी0सी0 महिलाओ के वि0
अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर
वाद संख्या –5604 सन–2024
रेशमा बेगम आदि बनाम तौफिक अहमद उर्फ शानू आदि
बनाम
प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा–12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 थाना कोतवाली
जिला–फतेहपुर
हरगाह रेशमा बेगम ने आपके नाम नालिश अदालत में दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23 माह 03 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 02 माह 03 सन 2026 ई० जारी किया गया।
मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 एफ0टी0सी0महिलाओ के वि0 अपराध से सम्बन्धित न्यायालय फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री मोसना बानों का जन्म का दिनाकं 29.04.1993 को निजी निवास ग्राम सनगॉव में हुआ था। माता का नाम माजदा बानों है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी।
अब्दुल खालिक पुत्र मक्कू निवासी ग्राम व पोस्ट सनगॉव विकास खण्ड तेलियानी तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मोहम्मद जैनुल आबदीन का जन्म का दिनाकं 05.11.2014 को निजी निवास ग्राम सनगॉव में हुआ था। माता का नाम शीबा बानों है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी।
मो0 जावेद अहमद पुत्र गुलाम रसूल ग्राम व पोस्ट सनगॉव ब्लाक तेलियानी जिला फतेहपुर।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्कूल चलो अभियान को दिखाई झण्डी

## - हम भैंस नहीं चराएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे के लगे नारे

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। धाता नगर पंचायत क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। धाता बीआरसी प्रांगण स्थित विद्यालय में आयोजित रैली को नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को प्रेरित करना था कि वे अपने बच्चों का समय पर स्कूल में प्रवेश कराएं और शिक्षा के महत्व को समझें। रैली में शामिल बच्चों ने स्कूल आने–जाने और पढ़ाई के प्रति उत्साह दिखाते हुए बड़े जोश के साथ नारे लगाए। बच्चों द्वारा लगाया गया एक खास नारा हम भैंस नहीं चराएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे काफी प्रभावशाली रहा, जिसने पूरे क्षेत्र में शिक्षा की जागरूकता का संदेश मजबूती से पहुंचाया। यह नारा बच्चों की मासूमियत के साथ–साथ शिक्षा प्राप्त करने की उनकी प्रबल इच्छा को दर्शाता था। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज ने रैली को रवाना करते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चे के भविष्य की नींव है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से भी सहयोग की बात कही ताकि क्षेत्र में शिक्षा का स्तर लगातार ऊंचा उठे। रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षक और स्थानीय लोग शामिल हुए। बच्चों के उत्साहपूर्ण नारों और रैली के भव्य स्वरूप ने पूरे धाता क्षेत्र में स्कूल चलो अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की। इस अभियान के माध्यम से धाता नगर पंचायत प्रशासन का प्रयास है कि आने वाले समय में क्षेत्र के सभी बच्चे नियमित रूप से स्कूल आएं और शिक्षा के अधिकार का पूरा लाभ उठाएं। स्कूल चलो अभियान के तहत ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि शिक्षा साक्षरता दर में निरंतर सुधार हो सके।

# अवैध शस्त्र मामले में दोषी को सजा व जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद में कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। अवैध शस्त्र बरामदगी के एक पुराने मामले में न्यायालय ने दोषी अभियुक्त को सजा सुनाई है। थाना हुसैनगंज क्षेत्र के अचकापुर निवासी अभियुक्त अमृत बाबा को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस रखने के मामले में दोषी पाया गया। यह मामला वर्ष 2004 का है, जब चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया था। इस संबंध में थाना हुसैनगंज में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस महानिदेशक के निर्देश व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इस प्रकरण की प्रभावी पैरवी की गई। वैज्ञानिक विवेचना और सटीक साक्ष्य संकलन के आधार पर न्यायालय में मजबूत पक्ष रखा गया। एसीजेएम कोर्ट संख्या–02 ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए न्यायालय उठने तक की सजा और 1500 के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में सात दिन के साधारण कारावास का प्रावधान भी रखा गया है। इस सफलता में मॉनिटरिंग सेल, स्थानीय पुलिस और अभियोजन पक्ष की अहम भूमिका रही। पुलिस टीम में निरीक्षक महेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अष्विनी वर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## अदालती नोटिस

(आदेश 22 नियम कायदा 4)

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

नं0 मु0– 264

सन् 2018 ई०

श्रीमती सुसमा देवी आदि बनाम सरस्वती देवी आदि

1.श्रीमती सुसमा देवी उम्र करीब 45 वर्ष पत्नी वीरेन्द्र कुमार आदि

2.वीरेन्द्र कुमार उम्र करीब 48 वर्ष पुत्र श्री स्व0 राधामोहन सभी निवासी भवन नं0– 35 मुहल्ला कटरा कस्बा, परगना व तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

.....वादीगण

....बनाम...........

1/1. नारेन्द्र उम्र करीब 60 वर्ष पुत्र स्व0 राधेश्याम

1/2. श्रीमती लाखन देवी उम्र करीब 65 वर्ष पत्नी स्व0 राजेन्द्र प्रसाद निवासीगण मोहल्ला–सी ब्लाक मकान नं0– 394 यशोदा नगर जिला कानपुर नगर।

...........प्रतिवादीगण

हरगाह वादीगण ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब फतेहपुर

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

वाद संख्या– 872

सन् 2025 ई०

1.रियाजुल हक उर्फ रियाज हसन उम्र करीब 53 वर्ष 2. नूर आलम उम्र करीब 45 वर्ष पुत्रगण इद्दू निवासी ग्राम छेउका परगना व तहसील व जिला फतेहपर।

....बनाम...........

1. हबीब उम्र करीब 50 वर्ष
2. रफीक उम्र करीब 47 वर्ष
3. रियाज उम्र करीब 45 वर्ष
4. रिजवान उम्र करीब 40 वर्ष

पुत्रगण स्व0 रमजानी निवासी मोहल्ला कृष्ण बिहारी नगर (बहेलियन टोला ) शहर व जिला फतेहपुर ।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 16 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

# सामाजिक सेवा से मिलती लक्ष्य की प्राप्ति : डा. सुमंत

## - परिषद ने भाजपा के नवमनोनीत वैश्य पदाधिकारियों व नामित सभासदों को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के स्पोर्टस स्टेडियम के सामने वैश्य भवन में आयोजित वैश्य सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व न्यायमंत्री राधेश्याम गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव एवं परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 सुमंत गुप्त के सानिध्य में दीप प्रज्जवलन एवं ईश वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के नवमनोनीत वैश्य सभासदों एवं भारतीय जनता पार्टी में नव मनोनीत वैश्य पदाधिकारियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 सुमंत गुप्ता ने कहा कि समाज को आगे बढने के लिये राजनैतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में आगे आना होगा तभी लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि समस्त वैश्य उप वर्गों के केंद्रीय संगठन के रूप में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा समय समय पर कार्यक्रम किये जाते है जिससे समाज संगठित हो। मुख्य अतिथि पूर्व न्यायमंत्री एवं परिषद के राष्ट्रीय प्रधान संरक्षक राधेश्याम गुप्त ने कहा कि परिषद द्वारा आज जो सम्मान समारोह मनोनीत सभासदों एवं कमेटी के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया है वह सराहनीय है और वह अपेक्षा करते हैं कि यह सभी मनोनीत पदाधिकारी तन मन से वैश्य समाज के हित को आगे बढाते रहेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने युवा जिलाध्यक्ष अनीत अग्रहरि एवं उपाध्यक्ष पद में गौरव गुप्ता, आशिष गुप्ता, विवेक अगहरी अमित गुप्ता के नाम की घोषणा कर शीघ्र कमेटी घोषित करने की बात कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल, राम विशाल गुप्ता, माया शिवहरे, सुनीता गुप्ता, संजय गुप्ता, कमल रस्तोगी, बृजेश सोनी, नारायण गुप्ता, सुनील गुप्ता फौजी, सत्येन्द्र गुप्ता, सिंपू शिवहरे, गीता गुप्ता, मधु गुप्ता, विकास गुप्ता दुर्गाशंकर गुप्ता, अमित गुप्ता सहित तमाम समाज के लोग मौजूद रहे।



# सांसद ने सदन में उठाया नादियों के समाप्त होते अस्तित्व का मुद्दा

## - अवैध खनन के चलते घाटों से धारा हुई दूर
## - धार्मिक अनुष्ठान में व्यवधान हमारी आस्थाओं पर प्रहार : नरेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने एक बार फिर से सदन में ज़ोरदार तारीके से जनता की आवाज़ को बुलंद किया है। सांसद ने इस बार नदियों के समाप्त होते अस्तित्व पर चिंता ज़ाहिर की है। साथ ही जनपद के अंदर भटौरा घाट समेत अन्य घाटों की दुर्दशा पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृश्ट कराया। लोकसभा में नदियों के मिटते अस्तित्व पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तट संरक्षण तथा नदी पुनर्जीवन के साथ–साथ नमामि गंगे योजना के अंतर्गत नदियों के मिटते अस्तित्व को समाप्त होने से बचाने की आवाज उठाई। सांसद नरेश उत्तम पटेल अब तक सदन में अनेक जनहित के मुद्दे उठा चुके हैं। जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने संसद में कहा कि फतेहपुर में गंगा लगभग सत्तर किलोमीटर लंबाई में बहती है। भिटौरा घाट, बलखंडी, ओम घाट, पक्का घाट, आदमपुर घाट श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। शासन एवं प्रशासन की उपेक्षा के चलते गंगा की धारा घाटों से काफ़ी दूर चली गई है। जिससे इन घाटों पर निरंतर होने वाली गंगा आरती व धार्मिक अनुष्ठान में व्यवधान हो रहा है। उन्होंने नदियों में हो रहे अवैध बालू खनन को कारण बताया। कहा कि प्रा.तिक धारा प्रभावित होने से श्रद्धालुओं की आस्था पर चोट पहुंची है। जिले के हाजीपुर गंग घाट पूरी तरह बालू की वजह से प्रभावित है। अवैध खनन के कारण जनपद के सभी घाटों का अस्तित्व समाप्त की और है। उन्होंने जिले के घाटों में गंगा की धारा में आए परिवर्तन का वैज्ञानिक अध्ययन कराये जाने घाटी को पुनर्जीवित करने के लिए कार्य कराये जाने एव अवैध खनन पर रोक लगाने की माँग किया। साथ ही तट संरक्षण और नदी के पुनर्जीवन के लिए नमामि गंगा योजना में कार्य कराये जाने की मांग किया। सदन में सांसद नरेश उत्तम पटेल द्वारा जनपद में आस्था के केंद्र नादियों एवं घाटों की दुर्दशा का मुद्दा उठाए जाने से लोकसभा क्षेत्र में जमकर सराहना की जा रही है। वहीं समाजवादी पार्टी भी इस मुद्दे पर भाजपा पर हमलावर होती दिखाई दे रही है। सपा नेताओं ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर आस्था के नाम पर किए जा रहे खिलवाड़ पर आक्रोश ज़ाहिर करते हो जनपद में सत्ता संरक्षण में किए जा रहे अवैध बालू खनन पर जिला प्रशासन की नाकामी बताया। तट संरक्षण व नमामि गंगे जैसी परियोजना को कमजोर करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई किए जाने की मांग किया।




# पचास हजार का इनामी हत्यारा मुठभेड़ में गिरफ्तार

## - दोनों पैर में लगी गोली, अस्पताल में कराया भर्ती
## - तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस भी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कोतवाली नगर पुलिस, एसओजी व इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान हत्या के मामले में वांछित पचास हजार रुपये के इनामी अपराधी को घायल कर गिरतार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरतार अभियुक्त सोनू यादव उर्फ अनूप निवासी ग्राम कौडेरवा, थाना कोतवाली है। उसके कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि 24 मार्च को कौडेरवा गांव में मिथलेश 32 वर्श की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतका के पति जयसिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पहले ही सह–अभियुक्त शाहिद को गिरतार कर जेल भेज चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी सोनू यादव फरार चल रहा था, जिस पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस टीम को दो अप्रैल की रात सूचना मिली कि आरोपी चौफेरवा एनटीपीसी पावर हाउस के सामने जंगल में छिपा है। सूचना पर पहुंची टीम ने घेराबंदी की, तभी आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिससे आरोपी के दोनों पैरों में गोली लग गई। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने जांच करते हुए साक्ष्य जुटाए। इस मुठभेड़ के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत नया मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि गिरतार आरोपी के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और आईटी एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में पहले से मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उसका आपराधिक इतिहास काफी गंभीर रहा है। इस सफलता में कोतवाली प्रभारी हेमंत कुमार मिश्रा, इंटेलीजेंस विंग के उपनिरीक्षक विनोद मिश्रा व एसओजी उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह की टीमों की अहम भूमिका रही।



# पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं

## - जिला व शहर कांग्रेस की संयुक्तमासिक बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में जिला व शहर कांग्रेस की संयुक्त मासिक बैठक का आयोजन कर जिला व शहर अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को बूथों पर जाकर पार्टी की मजबूती का अवलोकन करने व पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने हेतु निर्देश दिए। लगभग तीन घंटे चली बैठक में जिला व शहर कांग्रेस के वक्ताओं ने संगठन की मजबूती को लेकर अपने अपने विचार रखे। मुख्य वक्ताओं में पूर्व अध्यक्ष पप्पू पाल, उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, महामंत्री साजिया खान, कलीम उल्ला सिद्दीकी, प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे, सैयद सहाब अली आदि ने संगठन को ग्रामीण क्षेत्र में और मजबूत करने पर बल दिया। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने कहा कि संगठन में प्रत्याशिता को छोड़कर पहले पार्टी को मजबूत करना जरूरी है जिस प्रकार आज राहुल गांधी ने मजबूती के साथ जनता के बीच जाकर देश की असल समस्याओं से अवगत होकर संसद में अकेले दम अपनी आवाज बुलंद की। यह सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणाश्रोत है। उन्होंने आगे कहा कि अगर आज प्रदेश में कांग्रेस पुनः मजबूती के साथ खड़ी है तो वह निश्चित तौर पर राहुल गांधी व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की बदौलत है। अब हमें उसी नक्शे कदम पर आगे बढ़ना है। जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि अब जन–जन तक भाजपा की कारगुज़ारी पहुंच चुकी है। देश की जनता उन्हें घृणा की .ष्टि से देख रही है। हमे आवश्यकता है जनता के बीच जाकर अपनी बात रखने की और उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं को योग्य पटल तक पहुंचाने की। इसके लिए संगठन को एकजुट होकर कार्य करना पड़ेगा। इस मौके पर महासचिव शकीला बानो, शोभा दुबे, रेखा पासवान, जेपी पासवान, अंकुर अवस्थी, चौधरी मोइन राईन, ओम प्रकाश कोरी, रामनरेश पंडित, आनंद सिंह गौतम, अजय बच्चा, डॉ अब्दुल हमीद, नसीम अंसारी, शहवाज, वकील खान, मो. हबीब, सलीम शेख, निजामुद्दीन, कौशल कुमार शुक्ला, अकरम काले, हम्माद हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे।



# संदिग्ध हालत में महिला ने लगाई फांसी

## - ससुरालीजनों पर दहेज की खातिर हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के शिवबंसपुर रारी में गुरूवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 26 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के चाचा ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति को पूछताछ हेतु हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार शिवबंसपुर रारी गांव निवासी सुजीत कुमार की पत्नी आरती देवी ने गुरूवार की शाम संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के चाचा सुरेन्द्र कुमार निवासी महेवा घाट थाना जनपद कौशांबी ने बताया कि उसकी भतीजी की शादी तीस नवंबर 2020 में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में मोटरसाइकिल व पचास हजार रूपए की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर पति, ससुर व देवर ने मिलकर उसकी भतीजी को मारापीटा और हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटका दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखिनी के समीप शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से 38 वर्षीय बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी मो0 सुभान का पुत्र मो0 इरफान बाइक से षहर आ रहा था। जब वह पिलखिनी गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवारा में शुक्रवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते 31 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बेलवारा गांव निवासी ओम प्रकाश की पत्नी निधि देवी ने शुक्रवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

# पंचायत जांच में देरी, शिकायत कर्ताओं पर दबाव के आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। असोथर क्षेत्र के देवलान में ग्राम पंचायत की वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी शिकायत के मामले में जांच प्रक्रिया में देरी और प्रशासनिक लापरवाही के आरोप सामने आए हैं। गांव के बृजेश नारायण ने 20 फरवरी 2026 को आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर जिलाधिकारी ने 23 फरवरी 2026 को आदेश जारी करते हुए उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1997 की धारा 95 (1) (ह) के तहत तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी और तीस दिनों के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। हालांकि, आदेश जारी होने के 38 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा 16 मार्च 2026 को बिना जांच रिपोर्ट के ही शिकायत के निस्तारण का प्रयास किए जाने की बात भी सामने आई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम स्तर पर कुछ लोगों द्वारा समझौते के लिए दबाव बनाया जा रहा है। आरोपों के अनुसार, प्रधान पक्ष से जुड़े व्यक्तियों द्वारा भय का माहौल बनाते हुए शिकायत वापस लेने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से धमकियां भी दी जा रही हैं। पूरे मामले ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायतकर्ता ने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान जारी, हस्तलिखित ग्रंथ कराएं जमा

## - भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से ज्ञान भारतम् मिशन हुआ प्रारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान का प्रभावी कार्यान्वयन किया जा रहा है। जिसमें समृद्ध ज्ञान परम्परा, सांस्.तिक धरोहर एवं बौद्धिक विकास के महत्वपूर्ण साक्ष्य, प्रचीन पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों एवं दुर्लभ अभिलेखों का संरक्षण करने एवं उन्हें सुरक्षित रूप से भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से संस्.ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ज्ञान भारतम् मिशन प्रारम्भ किया गया है। प्राचीन ज्ञान दर्शन, साहित्य और संस्.ति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सदैव तत्पर उत्तर प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में अग्रणी भूमिका के निर्वहन हेतु मिशन के क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग हेतु संस्.ति मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित किया गया है। ज्ञान भारतम् मिशन के अन्तर्गत पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों, दुर्लभ ग्रन्थों आदि के संस्थागत संग्रह केन्द्रों एवं व्यक्तिगत संग्रहकर्ताओं के चिन्हीकरण एवं सूचीकरण हेतु निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि प्राचीन पाण्डुलिपियां, ताड़पत्र एवं दुर्लभ अभिलेख हमारी समृद्ध ज्ञान परम्परा, सांस्.तिक विरासत और बौद्धिक चेतना के अमूल्य साक्ष्य हैं। इन पाण्डुलिपियों एवं ग्रन्थों आदि का संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों तक हस्तान्तरण हमारा सामूहिक दायित्व है। भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने की भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पहल है। इस मिशन के अन्तर्गत देश भर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी पाण्डुलिपियों एवं दुर्लभग्रन्थों आदि का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है, ताकि यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। उत्तर प्रदेश जो प्राचीन ज्ञान दर्शन, साहित्य और संस्.ति की भूमि रहा है, इस अभियान में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रश्नगत मिशन विकसित भारत 2047 के अन्तर्गत डिजिटल इण्डिया के दृष्टिकोण और विरासत और विकास के राष्ट्रीय संकल्प से आच्छादित है। प्रदेश के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, मठों, मन्दिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों व व्यक्तियों आदि के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों, हस्तलिखित ग्रन्थों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों एवं अन्य दस्तावेजों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटालॉगिंग, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण का कार्य किया जाना है, जिससे डिजिटाइज्ड पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम् पोर्टल के माध्यम से आम जन को उपलब्ध कराया जा सके। यदि जनपद के किसी महानुभाव के पास ऐसी पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथ आदि हो तो वह जिला सूचना कार्यालय विकास भवन में जमा कर सकते है। इससे संबंधित जानकारी हेतु सूचना अधिकारी के मोबाइल नंबर 9453005382 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )